दिन– शुक्रवार | दिनांक– 20 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में थाना स्तर पर भ्रष्ट आचरण वाले पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को अब निलंबित करने के साथ–साथ पदावनत भी किया जाएगा।

02 शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन इस महीने के अंत तक प्रकाशित किया जायेगा। जिलेवार निकाली जायेंगी रिक्तियां।

03. देश भर में कल मनायी जायेगी ईद। आज अलविदा जुम्मा।

04. और, मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णियां, कटिहार, किशनगंज, भागलपुर और बांका जिले में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की।

——————————————————————

राज्य में थाना स्तर पर भ्रष्ट आचरण वाले पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों पर अब निलंबन के साथ–साथ उन्हें पदावनत यानि डिमोट किया जाएगा। पदावनति के बाद सामान्य जिम्मेदारी के साथ उनकी उसी थाने में तैनाती होगी जिसमें वे पहले से पदस्थापित हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक में पुलिस मैनुअल के तहत ऐसे अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के अन्य विकल्पों का भी इस्तेमाल करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस अनुशासन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

——————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के चौथे चरण का आज अंतिम दिन है। यात्रा के अंतिम दिन आज मुख्यमंत्री गया और औरंगाबाद जिले का दौरा करेंगे। हमारे गया संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

———साउंड बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। टनकुप्पा प्रखंड स्थित मायापुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री तीन सौ सड़सठ करोड़ रूपये लागत वाली पांच सौ तिरेपन योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे तीन सौ सतहत्तर करोड़ रूपये की लागत से एक सौ चालीस योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। श्री कुमार जिले में चल रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री का जनसंवाद का भी कार्यक्रम है। आकाशवाणी समाचार के लिए गयाजी से धर्मवीर भारती।

इधर, औरंगाबाद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पांच सौ पचपन करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ बीस योजनाओं का शिलान्यास और एक सौ तेईस करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ बयालीस योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा है कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री किस दल का या फिर कौन होगा, ये अभी तय नहीं हुआ है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में श्री झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा समाप्त होने के बाद इस मामले पर एनडीए के सभी घटक दल बैठक कर अंतिम फैसला करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सुझाव महत्वपूर्ण होगा।

———साउंड बाईट———

इधर, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा से सम्राट चौधरी इस पद के प्रमुख दावेदार हैं और ऐसा लगता है कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी पहली पसंद हैं।

———साउंड बाईट———

————————————————————

योजना और विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एन. विजयलक्ष्मी ने कहा है कि बिहार में लगभग दो करोड़ पच्चीस लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। पटना में आयोजित सतत विकास लक्ष्यों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि यह राज्य की विकास और कल्याणकारी योजनाओं के कारण संभव हो सका है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य स्तर पर तीन सौ चौंतीस संकेतकों का एक व्यापक ढांचा विकसित किया गया है, जिससे योजनाओं की प्रगति की नियमित निगरानी की जा रही है। डॉक्टर विजयलक्ष्मी ने कहा कि बिहार की जीएसडीपी वृद्धि दर वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में तेरह दशमलव एक प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

————————————————————

शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन इस महीने के अंत तक प्रकाशित किया जायेगा। बिहार लोक सेवा आयोग के सचिव सत्यप्रकाश शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग से जो भी बदलाव किये जाने थे, उसका प्रस्ताव मिल गया है। इस बार जिलावार रिक्तियां निकाली जायेगी। अभ्यर्थियों को सभी अड़तीस जिलों का विकल्प

भरने का मौका दिया जायेगा। गौरतलब है कि चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के तहत छियालीस हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां होनी है।

———————————————————

दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद अध्यक्ष और तत्कालीन रेलमंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी की याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में उन्होंने ट्रायल की तैयारी के लिए सोलह सौ से अधिक दस्तावेज देने की मांग की थी। न्यायाधीश विशाल गोगने ने अपने आदेश में कहा कि सभी दस्तावेज एक साथ देने से पूरी न्यायिक प्रक्रिया अस्त–व्यस्त हो जाएगी। कोर्ट ने यह भी माना कि आरोपियों की मंशा कार्यवाही को लंबा खींचने की है। अदालत ने मामले के सह आरोपी आरके महाजन और रेलवे के तत्कालीन जीएम महीप कपूर की याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने चर्चित दुलारचंद यादव हत्याकांड में विधायक अनंत सिंह को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति रुद्र प्रकाश मिश्रा की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद जमानत दी। हालांकि न्यायालय ने कुछ शर्तें भी लगाई हैं। इसके तहत सूचक और केस के गवाहों को धमकाने पर जमानत रद्द करने की गुहार लगाने की पूरी छूट दी गई है। साथ ही जमानतदार में परिवार का निकटतम सदस्य और केस की सुनवाई के दौरान विधायक को कोर्ट में उपस्थित रहना होगा।

———————————————————

देश भर में ईद कल मनायी जायेगी। बिहार समेत देश के किसी भी हिस्से में कल ईद का चांद नहीं देखा गया। फुलवारीशरीफ स्थित इमारत–ए–शरिया के काजी–ए–शरीअत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अंजार आलम कासमी ने बताया कि आज अलविदा जुम्मा होगा।

———साउंड बाईट———

———————————————————

मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णियां, कटिहार, किशनगंज, भागलपुर और बांका जिले में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ–साथ मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

———साउंड बाईट———

———————————————————

प्रदेश में रसोई गैस की कालाबाजारी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बिहार पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारह मार्च से अठारह मार्च के बीच एलपीजी के अवैध भंडारण और कालाबाजारी के मामले में अठारह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं, चार सौ बहत्तर सिलेंडर जब्त किये गये हैं। साथ ही कालाबाजारी में शामिल छब्बीस लोगों की पहचान करते हुये उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————

जानी–मानी सीमेंट कम्पनी बांका के कटोरिया औद्योगिक क्षेत्र में नई फैक्ट्री लगाएगी। इसके माध्यम से बारह सौ करोड़ रूपये का निवेश होगा। उद्योग सचिव कुंदन कुमार ने बताया कि इससे एक हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

———————————————————

आज विश्व गौरैया दिवस है। इस दिवस का उद्देश्य गौरैया की घटती आबादी को बढ़ाने के संबंध में जागरूकता और संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देना है। गौरैया कीटों की आबादी को नियंत्रित करने के साथ ही पौधों में परागण करके पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गौरैया दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि बिहारवासियों को अपने राजकीय पक्षी के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होना होगा।

———————————————————

बीसीए मेंस अंडर–23 वनडे ट्रॉफी में कल खेले गये मैचों में नवादा, गोपालगंज, बांका, समस्तीपुर, कैमूर, शिवहर और पूर्णिया की टीमों ने जीत दर्ज की।

गुजरात के गांधीधाम में बाईस से छब्बीस मार्च तक होने वाली यूटीटी 87वीं अंतर राज्य सब–जूनियर और कैडेट राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता, बालक वर्ग के लिए बिहार टीम की घोषणा कर दी गयी है। टीम की कमान आयुष मिश्रा संभालेंगे।

———————————————————

नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र के गौढ़ापर और सालेहपुर गांव के बीच एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से कार में सवार तीन छात्रों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराने के बाद पानी भरे गड्ढे में गिर गई। हादसे में दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी मृतक इंजीनियरिंग के छात्र थे। इधर, नवादा की विधायक विभा देवी के छोटे पुत्र अखिलेश कुमार यादव की पथरा इंग्लिश गांव में घर के पास ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

———————————————————

पटना के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नंदलाल छपरा स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन की बड़ी खेप बरामद की है। कार्रवाई के दौरान नौ कार्टन में रखे बीस हजार से अधिक इंजेक्शन बरामद किए गए। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————

पटना के फतुहा नदी थाना क्षेत्र के सबलपुर में पुलिस ने एक ट्रक से गांजा और शराब बरामद की है। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र की नेपाल सीमा के पास से पुलिस ने लगभग नौ सौ बोतल नेपाली शराब जब्त की है।

———————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया नंदनगढ स्तूप पर थाईलैंड से आये एक सौ सोलह बौद्ध भिक्षुओं ने पूजा–अर्चना की।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– थाना स्तर के पुलिस अफसरों के भ्रष्ट आचरण पर मुख्यालय का सख्त निर्देश। पदानवत हो उसी थाने में तैनात होंगे अफसर।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पटना के अपार्टमेंटों में शिविर लगा, आज से दिया जायेगा, पीएनजी कनेक्शन।

प्रभात खबर ने समृद्धि यात्रा से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– सात निश्चय तीन में दो हजार पच्चीस से दो हजार तीस के बीच हर क्षेत्र में होंगे विकास के काम– सीएम।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– जंग से तेल में आग.... शेयर बाजार झुलसा।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– राष्ट्रपति ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में स्थापित किया श्रीराम यंत्र।

आज अखबार की सुर्खी है– चांद नहीं दिखा, शनिवार को मनेगी ईद।

पारीक / अभिषेक– 20.03.2026 डेस्क

**<u>शाम– 08.48 बजे, दिनांक–20.03.2026</u>**

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रदेश में थाना स्तर पर भ्रष्ट आचरण वाले पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को अब निलंबित करने के साथ–साथ पदावनत भी किया जाएगा।

02 शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन इस महीने के अंत तक प्रकाशित किया जायेगा। जिलेवार निकाली जायेंगी रिक्तियां।

03. देश भर में कल मनायी जायेगी ईद। आज अलविदा जुम्मा।

04. और, मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णियां, कटिहार, किशनगंज, भागलपुर और बांका जिले में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।